दमण-दीव के 59वें मुक्ति दिवस पर प्रशासक प्रफुल पटेल करेंगे ध्वजारोहण: प्रदेशवासियों को देंगे संदेश

■ 19 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद खेल मैदान में आयोजित होने वाले सरकारी समारोह को लेकर प्रशासन जुटा तैयारियों में ■ 18 दिसंबर को मोटी दमण लाइट हाउस बिच पर शाम 7 बजे फैशन शो सहित के होंगे कार्यक्रम ■ 19 दिसंबर की शाम 7 बजे लाइट हाउस बिच पर बॉलिवुड नाइट में के. के. देंगे अपनी प्रस्तुति

फाइल फोटो

(असली आजादी न्यूज नेटवर्क) दमण 18 दिसंबर। संघ प्रदेश दमण-दीव के 59वें मुक्ति दिवस पर दमण प्रशासन की ओर से 19 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद खेल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सुबह 8.30 बजे से आयोजित होने वाले सरकारी समारोह के लिए प्रशासन में सभी तरह की तैयारियों शुरु कर दी है। 19 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे संघ प्रदेश प्रशासक प्रफुल पटेल के हाथों ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद पुलिस एवं स्कूली बच्चों के मार्च पास्ट को प्रशासक प्रफुल पटेल सलामी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके बाद संघ प्रदेश प्रशासक प्रफुल पटेल अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन की ओर से दमण जिले की जनता को आमंत्रित किया गया है। संघ प्रदेश प्रशासन द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें 18 दिसंबर को फुटबॉल ग्राउंड पर सुबह 6 बजे से लिबरेशन वॉक का आयोजन होगा। फोर्ट मेन स्ट्रीट, फातिमा स्कूल स्ट्रीट एवं जेटी पर दोपहर 3 बजे से फन स्ट्रीट गेम्स का आयोजन होगा। शाम 6.30 बजे समुद्र नारायण मंदिर पर दमणगंगा आरती की जायेगी। शाम 7 बजे मोटी दमण लाइट हाउस बिच पर खादी थीम पर फैशन शो का आयोजन किया जायेगा।

(समाचार का शेष पेज 8 पर)

सिलवासा नगरपालिका कार्यालय में हुई 16वीं सामान्य बैठक

दानह-दमण-दीव के लिए विधानसभा और उसका हेडक्वॉर्टर सिलवासा में रखने का पास हुआ प्रस्ताव

■ सांसद मोहन डेलकर के पहली बार सिलवासा नगरपालिका में पहुंचने पर नपा. प्रमुख एवं काउंसिलरों ने पुष्पगुच्छ से किया स्वागत

(असली आजादी न्यूज नेटवर्क) सिलवासा 18 दिसंबर। दानह सांसद मोहन डेलकर की उपस्थिति में सिलवासा नगरपालिका कार्यालय में आज 16वीं सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली एवं दमण-दीव के लिए विधानसभा का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सिलवासा नगरपालिका के काउंसिलरों ने विधानसभा का हेड क्वॉर्टर सिलवासा में रखने की मांग की। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली एवं दमण-दीव का विलय करके एक संघ प्रदेश बनाने का निर्णय हाल ही में लोकसभा में पारित हुआ। इस विलयीकरण को संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के सांसद मोहन डेलकर एवं दमण-दीव के सांसद लालू पटेल का भी समर्थन रहा। आज सिलवासा नगरपालिका कार्यालय में आयोजित 16वीं सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। दानह सांसद मोहन डेलकर के पहली बार सिलवासा नगरपालिका में आगमन पर सभी काउंसिलरों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस बैठक में फतेहसिंह चौहाण ने दोनों संघ प्रदेशों के समुचित विकास के लिए एक विधानसभा का प्रस्ताव रखा।

(समाचार के शेष पेज 8 पर)

(पेज 1 का शेष समाचार)

दानह-दमण-दीव के लिए विधानसभा...

साथ ही मीना शाह ने दादरा नगर हवेली एवं दमण-दीव के हेडक्वॉर्टर को सिलवासा में रखने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि दादरा नगर हवेली आबादी एवं क्षेत्रफल के हिसाब से दमण एवं दीव से कहीं अधिक है। यहां पर 62 प्रतिशत आदिवासी आबादी है। सिलवासा में हेड क्वॉर्टर होने से यहां की आदिवासी जनता को काफी सहुलियत मिलेगी। इस प्रस्ताव को दानह सांसद मोहन डेलकर, सिलवासा नगरपालिका अध्यक्ष राकेशसिंह चौहाण ने प्रदेश के हित को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई एवं उपस्थित सभी नगरपालिका पार्षदों ने एकस्वर में सम्पूर्ण सहमति प्रदान की। इस बैठक में सांसद मोहन डेलकर ने बताया कि लोकसभा में जहां भी आवश्यक होगा विधानसभा की गठन के लिए अपनी मांग मजबूती से रखेंगे और पूरे प्रदेश की जनता एवं चुने हुए प्रतिनिधियों की आवाज संसद तक लेकर जाएंगे। सांसद मोहन डेलकर ने बताया कि हाल ही में वह गृह मंत्रालय परामर्श परिषद के सदस्य बने हैं। विधानसभा की गठन के लिए वहां पर भी अपना पक्ष मजबूती से रखा है और गृहमंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि प्रदेश के हित के लिए जो भी जरूरी कदम उठाना पड़ेगा वो करेंगे। उल्लेखनीय है कि संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली का कुल क्षेत्रफल 492 वर्ग किमी. है। वहीं दमण-दीव का कुल क्षेत्रफल 112 वर्ग किमी. है। दोनों प्रदेशों के विलयीकरण के बाद यहां पर विधानसभा का गठन जरूरी है ताकि दोनों प्रदेशों का सर्वांगिण विकास हो सके। दोनों प्रदेशों के सांसद ने भी इस मुद्दे को लेकर समर्थन दिया कि दोनों प्रदेशों को मिलाकर एक विधानसभा का गठन किया जाए।